खण्ड-2 संख्या-15

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर.)

सत्यमेव जयते

**दिनांक : 19 जून, 1995 ई०**

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो, क्या सरकार बरही में अनुमंडल भवन का निर्माण यथाशीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री : 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. उत्तर स्वीकारात्मक है।

उपायुक्त हजारीबाग से प्राप्त सूचना के अनुसार बरही अनुमंडल हेतु स्थल चयन की कार्रवाइ की जा रही है। स्थल चयन के उपरान्त भूअर्जन की कार्रवाई की जायेगी। तत्पश्चात् अनुमंडल भवन निर्माण के लिए कार्रवाई की जायगी ।

## सहायकों को प्रोन्नति देना

1123. श्री राम दास राय - क्या मंत्री, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय पटना ने रिट याचिका संख्या 8538/93 के अन्तर्गत श्री त्रिभुवन पाठक, प्रवरकोटि सहायक एवं अन्य को श्री सुरेश कुमार सिन्हा, प्रवर कोटि सहायक की भाँति वरीयता निर्धारित कर प्रोन्नति देने का फैसला दिया है।

2. क्या यह बात सही है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के कार्यालय आदेश ज्ञापंक-582, दिनांक -30 अगस्त, 1994 द्वारा श्री सुरेश कुमार सिन्हा, प्रवर कोटि सहायक की वरीयता निर्धारित कर आगे के पदों पर प्रोन्नति देने की कार्रवाई की जा रही है।

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री त्रिभुवन पाठक एवं अन्य सात प्रवर कोटि सहायकों को वरीयता निर्धारित कर प्रोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं, तो क्यों?

श्री लालु प्रसाद : 1. उत्तर अस्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय ने यह निदेश दिया है कि यदि आवेदकगण सक्षम पदाधिकारी से निवेदन करेंगे तो सक्षम पदाधिकारी उनके निवेदन पर यथा शीघ्र विचार करेंगे।

2. उत्तर स्वीकारात्मक है।

3. श्री त्रिभुवन पाठक एवं अन्य को संयुक्त संवर्ग में वरीयता निर्धारित की जा रही है जिसके पश्चात प्रोन्नति पर विचार हो सकेगा।

## थाना भवन का निर्माण

1124. श्री यमुना यादव - क्या मंत्री, गृह आरक्षी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर थाना को अपना भवन नहीं है।

2. यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उपर्युक्त थाना का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक और नहीं, तो क्यों?

श्री लालू प्रसाद : 1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

2. थाना भवन निर्माण हेतु भू-अर्जन की कार्रवाई प्रारंभ